Sl.No. :

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – 30

No. of Printed Pages – 7

**S–01–Hindi**

# माध्यमिक परीक्षा, 2022

# SECONDARY EXAMINATION, 2022

## हिंदी

समय : 2¾ घंटे

पूर्णांक : 80

खण्ड-अ

प्रशन-(1) निम्नलिखित अपठित गधांश को पढ़कर प्रशनों के उत्तर लिखिए -

उपासना की दृष्टि से कई लोग काफी बड़े-चढ़े होते हैं । यह प्रसन्नता की बात है कि जहां दूसरे लोग भगवान भगवान को बिल्कुल ही भूल बैठे हैं वहां वह व्यक्ति ईश्वर का स्मरण तो करता है औरों से तो अच्छा है इसी प्रकार जो बुराइयों से बचा है अनीति और अव्यवस्था नही फैलाता , सयम और मर्यादा में रहता है वह भी भला है उसे बुद्धिमान कहा जाएगा क्योंकि दुर्बुद्धि को अपनाने से जो अगणित विपत्तियां उस पर टूटने वाली थी उनसे बच गया स्वयं भी उद्विग्न नहीं हुआ और दूसरों को भी विक्षुब्ध न करने की भलमनसाहत से रहना, एक अच्छे मनुष्य के लिए योग्य कार्य है उतना तो हर समझदार आदमी को करना ही चाहिए था जो उतना ही करता उसकी उतनी तो प्रशंसा की जाएगी उसने अनिवार्य कर्तव्यों की उपेक्षा नहीं की और दुष्ट दुरात्माओं की होने वाली दुर्गति से अपने को बचा लिया ।

(1) उपयुक्त गधांश का उचित शीर्षक है -

(अ) उपासना (ब) अच्छा मनुष्य

(स) भलमनसाहत (द) विक्षुब्ध

(2) कौनसे लोग समाज में अनीति और अव्यवस्था फैलाते है-

(अ) बुद्धिमान (ब) अच्छा मनुष्य

(स) निर्गुण (द) दुर्बुद्धि

(3) कौनसे लोग दुर्बुद्धि से बच सकते हैं -

(अ) अच्छे लोग (ब) बुद्धिमान लोग

(स) सयमी लोग (द) उपयुक्त सभी

(4) लेखक ने .............में आस्था रखने वाले लोगो को अच्छा माना है -

(अ) उपासना (ब) भक्ति में

(स) झगड़े में (द) ईश्वर में

(5) एक अच्छे मनुष्य के लिए योग्य कार्य है -

(अ) मर्यादा में रहना

(ब) ईश्वर में आस्था रखना

(स) अनीति नहीं फैलाते

(द) उपयुक्त सभी

**निम्नलिखित अपठित काव्यांश को पढ़कर प्रशनों के उत्तर लिखिए**

पावस ऋतु थी पर्वत प्रदेश,
पल-पल परिवर्तित प्रकृति वेश ।

मेखलाकार पर्वत अपार
अपने सहर्ष । दृग सुमन फाड़,
अवलोक रहा है बार-बार
नीचे दल में नीज महाकार,

जिसके चरणों में पड़ा ताल
दर्पण से फैला है विशाल

गिरी के गौरव गाकर झर-झर
मद में नस-नस उत्तेजित कर
मोती की लड़ियों से सुंदर
झरते हैं झाग भरे निर्झर

(6) उपयुक्त काव्यांश का उचित शीर्षक है -
(अ) पावस ऋतु
(ब) पर्वत प्रदेश की सुंदरता
(स) नदी झरने
(द) इनमें से कोई नहीं

(7) पर्वत का आकार कैसा है -
(अ) त्रिभुजाकार
(ब) गोल
(स) मेखलाकार
(द) आयताकार

(8) पर्वत के चरणों में क्या पड़ा है-
(अ) तालाब
(ब) नदी
(स) मिट्टी
(द) पेड़ पौधे

प्रशन-(2) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

(1) क्रिया ...............प्रकार की होती है ।
(2) जिन क्रियाओं के व्यापार या कार्य का फल कर्ता पर न कर्म पर पड़ता हो उसे .................कहते है ।
(3) सर्वनाम...........प्रकार के होते है ।
(4) विशेषण के ........भेद होते है ।
(5) जिस वाक्य में एक प्रधान उपवाक्य तथा अन्य आश्रित उपवाक्य होते है उसे .................कहते है ।

(6) हम पढ़ते है इस वाक्य में ........क्रिया होगी ।

प्रशन-(3) निम्नलिखित अतिलघुतरात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिये

(1) 'अपनी प्रशंसा स्वंय करना '- इस अर्थ में सबंधित मुहावरा लिखिए ।
(2) 'नो दिन चले अढ़ाई कोस '-लोकोक्ति का अर्थ स्पष्ट कीजिए ।
(3) " प्रारंभ " शब्द का सन्धि विच्छेद करके सन्धि का नाम लिखे ।

(4) समास की परिभाषा लिखिए ।
(5) एक कहानी यह भी लेखिका मन्नू भंडारी का जन्म कहाँ हुआ ।
(6) पानवाले ने किसका मजाक उड़ाया ।
(7) फादर बुल्के का अंतिम संस्कार कहाँ हुआ था ?

(8) " माता का आँचल " पाठ के लेखक का वास्तविक नाम क्या था ?
(9) " कवि-लोंग स्टॉक " क्यों प्रसिद्ध है ?
(10) राजधर्म का क्या आशय है ?
(11) लक्ष्मण ने शूरवीर तथा कायर मनुष्य में क्या अंतर बताया ।
(12) कवि ने बादल को क्या कहा ?

## खण्ड-ब

**प्रशन संख्या 4 से 16 तक के उत्तर लिखिए ।**

**प्रशन-(4)** हालदार साहब मूर्ति के बारे में सोचते-सोचते किस निष्कर्ष पर पहुँचे ?

**प्रशन-(5)** बालगोपिन भगत के अंतिम दिन किस प्रकार बीते ?

**प्रशन-(6)** नवाब साहब ने खीरे को खाने योग्य किस प्रकार बनाया ? लखनवी अंदाज अध्याय के आधार पर बताइए ।

**प्रशन-(7)** मन्नू भंडारी के पिताजी के स्वभाव की क्या विशेषताएँ थी ?

**प्रशन-(8)** गोपियों द्वारा उध्दव को भाग्यवान कहने में क्या व्यंग्य निहित है ?

**प्रशन-(9)** ' कन्यादान ' कविता के संदेश या उद्देश्य पर प्रकाश डालिए ।

**प्रशन-(10)** रानी एलिजाबेथ के आने से पूर्व दिल्ली के इण्डिया गेट पर क्या हादसा हुआ ? स्पष्ट कीजिए ।

प्रशन-(11) गंतोक के प्राकृतिक सौन्दर्य के कौन-से दर्शय लेखिका को झकझोर गए ?

प्रशन-(12) दुलारी के व्यक्तित्व की कोई दो विशेषताएँ बताएँ ।

प्रशन-(13) एक दिन मैने हिरोशिमा पर कविता लिखी । लेखक की अनुभूति अपने शब्दो मे लिखिए ।

प्रशन-(14) भगत के जीवन की घटना के आधार पर मोह तथा प्रेम के अंतर को समझाइये ।

प्रशन-(15) कन्यादान कविता में बेटी को ' अंतिम पूँजी ' क्यों कहा गया है ?

प्रशन-(16) प्राचीन और नवीन शिक्षा प्रणाली के अंतर को समझाइये ।

## खण्ड-स

प्रशन-(17) निम्नांकित पठित गधांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए

बार बार सोचते क्या होगा उस कॉम का जो अपने देश की खातिर घर गृहस्ती जवानी जिंदगी सब कुछ प्रेम कर देने वाले पर भी हंसती है और अपने लिए बिकने के मौके ढूंढते हैं दुखी हो गए 15 दिन बाद फिर उसकी कस्बे से गुजरे कस्बे में घुसने से पहले ही ख्याल आया कि कस्बे की हृदयस्थली में सुभाष की प्रतिमा अवश्य ही प्रतिष्ठा होगी लेकिन सुभाष की आंखों पर चश्मा नहीं होगा क्योंकि मास्टर बनना भूल गया और कैप्टन मर गया सोचा आज वहां रुकेंगे नहीं पान भी नहीं खाएंगे मूर्ति की तरफ देखेंगे भी नहीं सीधे निकल जाएंगे ड्राइवर से कह दिया चौराहे पर रुकना नहीं आज बहुत काम है पान आगे कहीं खा लेंगे

प्रशन-(18) निम्नलिखित पठित पधान्स की सप्रसंग व्याख्या कीजिए ।

उधौ ,तुम हौ अति बड़भागी ।
अपरस रहत सनेह तगा तै, नाहिन मन अनुरागी ।
पुरइनि पात रहत जल भीतर ,ता रस देह न दागी ।
ज्यो जंल माहँ तेल की गागरि, बूँद न ताकौ लागी ।

प्रशन-(19) रेलवे के डिब्बे में चढ़ते ही लेखक के अनुमान के प्रतिकूल क्या हो गया ?

प्रशन-(20) खेतीबारी से जुड़े गृहस्थ बालगोपिन भगत अपनी किन चारित्रिक विशेषताओं के कारण साधु कहलाते थे ?

प्रशन-(21) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर 300-350 शब्दों में निबन्ध लिखिए ।

(अ) बेरोजगारी : समस्या और समाधान
(ब) पर्यावरण प्रदूषण : विकट समस्या
(स) स्वच्छ भारत अभियान
(4) कोविड-19

प्रशन-(22) स्वयं को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, आसपुर का छात्र मानकर प्रधानाचार्य को सुविधाएँ बढ़ाने का निवेदन किया गया हो ऐसा पत्र लिखिए ।

अथवा

स्वयं को समीर निवासी सीकर मानकर अपने क्षेत्र के विधुत - अभियंता को बोर्ड परीक्षा तैयारी के कारण विधुत आपूर्ति नियमित एवं पर्याप्त रूप से कराने हेतु अनुरोध पत्र लिखिए ।

प्रशन-(23) किसी एक विषय पर विज्ञापन तैयार करें ।